HINDUSTAN, LUCKNOW
Thursday, October 10, 2013

आईटी क्विज में एलपीएस ने मारी बाजी

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान
आईटी क्विज

लखनऊ | निज संवाददाता

दर्शकों से भरा खचाखच हॉल, स्टेज पर छह टीमें और तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सवालों-जवाबों का सिलसिला शुरू हुआ। सभी टीमों मे जवाब देकर ज्यादा से ज्यादा अंक हासिल करने की होड़ लग गई। देखते ही देखते लखनऊ पब्लिक स्कूल के छात्र लविश पाण्डेय और वरुण सिंह ने बढ़त बनानी शुरू कर दी और आखिरी राउंड तक आते-आते लखनऊ पब्लिक स्कूल की टीम ने बाकी टीमों को पीछे छोड़ते हुए भारी अंतर से प्रतियोगिता जीत ली। मौका था बुधवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित टीसीएस आईटी क्विज का।

क्विज में जीतने वाले एपीएस के छात्र लविश पाण्डेय और वरुण सिंह।

क्विज में करीब 1300 छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। यह प्रतियोगिता देश के 14 महानगरों में आयोजित की गई, जिसमें विजयी रहने वाले छात्रों के बीच दिसंबर में मेगा फाइनल होगा। इसके अलावा सबसे ज्यादा 231 ट्वीट करने वाले छात्र विनायक झुनझुनवाला को भी पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री अभिषेक मिश्र ने विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में बहुत प्रतिभा है। अब हमें इसे आईटी सिटी के रूप में प्रदर्शित करना होगा। इस मौके पर रीजनल हेड टीसीएस जयंत कृष्णा और प्रमुख सचिव आलोक रंजन मौजूद रहे।

क्विज में पूरे प्रदेश से विभिन्न स्कूलों में से छह स्कूल ही स्टेट फाइनल तक पहुंचे। प्रतियोगिता में इंटरनेट, मोबाइल एप्लीकेशन और सॉफ्टवेयर के क्षेत्र से सवाल पूछे गए। प्रतियोगिता में विजेता टीम के वरुण सिंह ने बताया कि स्कूल के सीनियर छात्रों ने बहुत मदद की है। पिछले साल हमारी स्कूल दूसरे पायदान पर रहा था लेकिन इस बार हमें हर हाल में जीतना था। लिहाजा पूरे साल हमने काफी मेहनत की। प्रतियोगिता में एक और रिकार्ड लखनऊ के नाम रहा। 14 महानगरों में होने वाली प्रतियोगिता में लखनऊ को बेस्ट एवरेज के लिए चुना गया। लखनऊ का एवरेज 11.30 रहा। दो वर्षों से लखनऊ एवरेज में टॉप रहा है।